**Regarding power situation in Lalganj Parliamentary Constituency and also non-payment of wages under MGNREGS in a time-bound manner to labourers-laid**

श्री दरोगा प्रसाद सरोज (लालगंज) **:** मेरे संसदीय क्षेत्र लालगंज में इस समय धान की रोपाई चल रही है और बहुत से खेतों में रोपाई चल रही है परंतु कई नहरों में पानी नहीं आ रहा है जिससे बहुत कठिनाई हो रही है किसान बेहाल है एक तरफ जहां नहरों में पानी नहीं आ रहा है वहीं दूसरी तरफ बिजली की कटौती जबरदस्त चल रही है और ट्रांसफार्मर आये दिन जल रहा है । ट्रांसफार्मर की सप्लाई करने वाली कम्पनी बहुत ही खराब क्वालिटी के ट्रांसफार्मर की सप्लाई कर रही है जिससे आये दिन ट्रांसफार्मर जल रहा है साथ ही मनरेगा जाब कार्ड धारकों को उनकी मजदूरी समय पर नहीं दी जा रही है, जबकि नियम कहता है कि उनकी मजदूरी हर महीने की मिल जाए । परंतु तीन महीने चार महीने तक भुगतान नहीं किया जा रहा है जिससे हमारे उत्तर प्रदेश के जाबकार्ड धारकों में काफी निराशा रहती है साथ ही मनरेगा मजदुरी हमारे उत्तर प्रदेश में बहुत ही कम है मात्र 237 रूपए हैं जो कि बहुत ही कम है वहीं अन्य प्रदेशों में मजदूरी बहुत ज्यादा है देश में सबसे ज्यादा जाबकार्ड धारक हमारे उत्तर प्रदेश में ही है परंतु मजदूरी बहुत ही कम है ।